दीपावली-छठ पर बिजली व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

● अभियंताओं को मिला अलर्ट रहने का निर्देश ● छठ घाटों तक जाने वाले रास्तों में दुरुस्त होंगे ढीले तार

बगहा (आससे)। दीपावली और छठ महापर्व के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग ने कमर कस ली है। पर्व के दौरान किसी प्रकार की विद्युत दुर्घटना न हो और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसी क्रम में बुधवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बगहा कार्यालय में अभियंताओं की समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने की। बैठक में कार्यपालक अभियंता ने सभी सहायक एवं कनीय अभियंताओं को पर्व से पहले विद्युत संरचनाओं की जांच कर आवश्यक मरम्मत कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। विशेष रूप से छठ घाटों



तक पहुंचने वाले रास्तों का निरीक्षण करने और वहां से गुजरने वाले बिजली के ढीले तारों एवं लूज कंडक्टर को तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया। उन्होंने जर्जर तारों और अन्य तकनीकी खामियों को चिह्नित कर समय रहते ठीक कराने पर जोर दिया, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि दीपावली और छठ के दौरान बिजली से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभाग की ओर से नियंत्रण कक्ष गठित किया गया है। बिजली आपूर्ति बाधित होने या अन्य किसी विद्युत समस्या की स्थिति में उपभोक्ता नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9264456429 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी अभियंताओं को पर्व के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने और प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

नाबालिग लड़की की अपहरण के मामले में दो गिरफ्तार

साठी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात नरकटियानाबालिक लड़की के अपहरण के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल गंज स्टेशन से एक नाबालिक लड़की के अपहरण के मामले में दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि कांड संख्या 228/26 के मामले में जहांगीर उर्फ जहांगीर शेख (20) नेपाल के परसा जिला अंतर्गत छिपहरगाई निवासी तथा दूसरा अरशद उर्फ़ सलाउद्दीन शेख नेपाल के परसा जिला अंतर्गत सैढवा थाना के बीजबनिया गांव निवासी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपितों को न्यायिक में जेल भेज दिया गया। इस मामले में नाबालिग लड़की की माता के द्वारा थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था।

छठ घाटों की सफाई में कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं : गरिमा

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर नगर निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख छठ घाटों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि साफ सफाई के कार्यों की गुणवत्ता, सफाई की पूर्णता और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार विभिन्न वार्डों के छठ पूजा घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को महापौर ने बानू छापर स्थित वार्ड संख्या 28 के सतुआ घाट पर मिनी पोकलेन मशीन से कराई जा रही सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ घाट के कच्चे अर्घ्य स्थलों पर बने गड्ढों को मिट्टी से भरकर पूरी तरह समतल बनाने का निर्देश दिया, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना नहीं करना पड़े।

इसके बाद वार्ड संख्या 30 स्थित आरएलएसवाई कॉलेज कॉलोनी छठ घाट पहुंचीं महापौर ने घाट को आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने के साथ ही वहां तक पहुंचने वाले मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। वहीं दुर्गाबाग छठ घाट के समीपवर्ती मुख्य नाले की सफाई का निरीक्षण करते हुए उन्होंने नाले की सतह यानी तल तक पूरी तरह सफाई सुनिश्चित करने को कहा। महापौर ने स्पष्ट किया कि छठव्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं।

बैंक में महीनों से अटकी केवाईसी से ग्राहक परेशान

मधुबनी (पश्चिम चंपारण)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में ग्राहकों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाता होल्ड होने और केवाईसी लंबित रहने से ग्राहक महीनों से परेशान हैं। प्रतिदिन बैंक पहुंचने के बावजूद उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ रहा है। बुधवार को पहुंचीं इसरावती देवी, राधा कुशवाहा, दिनेश कुमार, फईयाद गद्दी, वाजिद मियां व ज्ञांती देवी ने बताया कि कई महीनों से केवाईसी फॉर्म जमा करने के बावजूद खाते चालू नहीं हुए हैं। वहीं, कई ग्राहकों ने पैसे की निकासी नहीं होने और बैंक प्रबंधन पर रोज नए बहाने बनाकर टालने का आरोप लगाया। ग्राहकों ने मैनेजर के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई। परेशान ग्राहक मधुबनी बीडीओ से भी शिकायत कर रहे हैं। बीडीओ कुंदन कुमार ने कहा कि ग्राहकों की समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

पश्चिम चम्पारण जिले का स्थापना दिवस १२ को

प्रभातफेरी, वृक्षारोपण, फैंसी फुटबॉल मैच एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले का स्थापना दिवस समारोह आगामी 12 नवंबर 2026 को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर आज जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा आवश्यक तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में प्रभातफेरी, वृक्षारोपण, फैंसी फुटबॉल मैच एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले के विकास एवं प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने कहा कि जिला स्थापना दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पश्चिम चम्पारण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत, गौरवशाली पहचान और सामूहिक उपलब्धियों को स्मरण करने का अवसर है। इस आयोजन को जनभागीदारी के साथ उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक की इसमें सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थापना दिवस समारोह के सभी कार्यक्रमों की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जिलेवासी इसमें शामिल हो सकें। उन्होंने स्थापना दिवस के लिए एक आकर्षक एवं विशिष्ट लोगो तैयार कराने का निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर होगा कि इसके लिए जिलेवासियों से ही लोगो आमंत्रित किए जाएं।

कपड़ा दुकान का शटर काट नगद समेत लाखों की चोरी

नौतन। थाना क्षेत्र के श्यामपुर कोतराहा पंचायत के वार्ड नंबर 10 चंपारण तटबंध चौक पर अवस्थित कपड़े की दुकान से अज्ञात चोरो ने बीती रात शटर काट कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार चुन्नू कुमार यादव के अनुसार, दुकान से करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के कपड़े और गल्ले में रखी नगद राशि चोरी कर ली गई। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर दुकानदार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नौतन पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' प्रमुख नागरिक गोष्ठी आयोजित

बगहा (आससे)। बगहा भाजपा जिला कार्यालय में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन हुआ ।यह गोष्ठी बगहा विधानसभा एवं बाल्मीकि नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों के लिए रखी गई थी ।इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे शामिल हुए ।उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री नंदकिशोर राम और बगहा विधायक राम सिंह भी मौजूद रहे। गोष्ठी में लोकतंत्र की रक्षा संविधान के मूल्यों और क्षेत्र में बढ़ती अराजकता को समाप्त करने पर विस्तार से चर्चा हुई ।वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर अराजकता का विरोध करना होगा ।इस अवसर पर अचिंत कुमार लल्ला,रितु जयसवाल,अमरेश श्रीवास्तव,महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रश्मि रंजन,महेंद्र भारती,मुखिया संघ अध्यक्ष उपेंद्र दीक्षित,मुखिया शेषनाथ साह,बगहा और बाल्मीकि नगर के बड़ी संख्या में प्रमुख नागरिक बुद्धिजीवी कार्यकर्ता और समाजसेवी मौजूद थे।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.com

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–2211(अनु0) दिनांक–23.10.2026 द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2026–27, जिसका पी0आर0 संख्या–014349(BCD)2026–27,जो दिनांक–28.10.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, को अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।

(ई0 खुर्शीद अहमद खान)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

PR- 014728 (B C D) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

10 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

योगापट्टी। योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नवलपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रात में छापेमारी कर 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नरेश गिरी पिता बासुदेव गिरी, ग्राम खैरटिया बलडीहा, थाना नवलपुर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, नवलपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में देसी चुलाई शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रात में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने नरेश गिरी को 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसे थाने लेकर आई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

वन सुरक्षा को ले पेट्रोलिंग के लिए मिला 30 बाइक

सीएफ ने हरी झंडी दिखा कर बाइकों को किया रवाना

वाल्मीकिनगर (पचं)। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल 2 के 5 रेंज वाल्मीकिनगर, गोनौली ,मदनपुर,हरनाटांड और चिउटाहां के वनकर्मियों को विभाग द्वारा वन संपदा और वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर बाइक मुहैया कराई गई है। अब वनों की सुरक्षा के लिए और ज्यादा पुख्ता इंतजाम वन प्रशासन के द्वारा किया गया है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व वन प्रमंडल दो के वनकर्मियों को वन्य सुरक्षा को ले पेट्रोलिंग के लिए 30 बाईक वाल्मीकि टाइगर फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। जिससे वनकर्मियों को जल्द और ज्यादा दूर तक पहुंचने में सहूलियत होगी ।इन 30 बाईक को बुधवार को सी एफ गौरव ओझा ने वी टी आर के वाल्मीकि विहार होटल के प्रांगण से फीता काट कर तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इन 30 बाईक को वन प्रमंडल 2 के पांचों रेंज वाल्मीकिनगर,गोनौली, मदनपुर,हरनाटांड और चिउटाहा के वनकर्मियों को दिया गया है ।इस बाबत वन संरक्षक सह निदेशक श्री ओझा ने बताया कि फील्ड वर्क और लंबी दुरी तक पेट्रोलिंग करने में आ रही परेशानियों को देखते हुए वनपाल और वनरक्षियों के लिए बाइक वाल्मीकि टाइगर फाउंडेशन के द्वारा उपलब्ध कराया गया है ।पहले साधन कम होने के कारण वनकर्मियों को पेट्रोलिंग सहित अन्य फिल्ड वर्क को करने में परेशानी होती थी ।जल्द और दूर पहुंचने में परेशानी को देखते हुए बाइक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।अगले सप्ताह तक डिविजन 1 के गोवरधना,मंगुराहा, और रघिया रेंज में भी 20 बाईक उपलब्ध करा दी जाएगी। पूर्व में वन कर्मियों की रिक्रूटमेंट पर्याप्त मात्रा में नहीं थी। किंतु विगत वर्षों में बड़े पैमाने पर वन कर्मियों को रिक्रूट किया गया है। साधन नहीं होने से पेट्रोलियम में समस्या आ रही थी। अब वन कर्मी शीघ्र प्रस्थान और ज्यादा एरिया कवर



कर सकेंगे ।विभाग के मंत्री के दिशा निर्देश पर वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा को बेहतर तरीके से संपादित करने के उद्देश्य से बाइक उपलब्ध कराई गई है। वाल्मीकि टाइगर फाउंडेशन को टूरिज्म से प्राप्त होने वाली रिवेन्यू से वन कर्मियों में चयनित वनपाल और वनरक्षी को बाइक उपलब्ध कराई गई है। सभी बाइकर्स हरि झंडी दिखाने के बाद अपने-अपने डिवीजन के लिए प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर डी एफ ओ विकास अहलावत, ए सी एफ शशिभूषण चौहान, रेंजर सत्यम कुमार,मदनपुर रेंजर नसीम अहमद,फील्ड बायोलॉजिस्ट सौरभ वर्मा सहित अन्य वन्यकर्मी मौजूद रहे।

बिहार सरकार

समाहरणालय, सहरसा
(जिला योजना कार्यालय)

ई–मेल–dpo.saharsa-bih@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा (राज्यसभा) द्वारा सहरसा के **सौरबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी के समदा के वार्ड नं0 12 में माँ दुर्गा मंदिर के निकट हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन कार्य का अनुशंसा प्राप्त हुआ है।** प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 16 मीटर उँचाई का विद्युत संचालित हाईमास्ट LED लाईट/(200Watt x 10 arms) का हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित ख्याति प्राप्त फर्मो/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद लिफाफा में अलग–अलग निविदा दिनांक **02.12.2026** को **01:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को अध्यक्ष जिला क्रय समिति –सह– उप विकास आयुक्त, सहरसा के समक्ष उनके कार्यालय वेश्म में दिनांक **02.12.2026** को **04:00 बजे अपराह्न** में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। क्रय की जानेवाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, सहरसा से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है, अथवा जिला के बेबसाईट www.saharsa.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR- 014779 (Planning) 2026-27

उप विकास आयुक्त,
सहरसा।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

सात जीएनएम को सम्मान के साथ दी गयी विदाई

बगहा (आससे)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए गए स्थानांतरण के बाद अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में सात



जीएनएम स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने स्थानांतरित कर्मियों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया। इस दौरान माहौल भावुक हो गया और सहकर्मियों ने एक-दूसरे के साथ बिताए गए पलों को साझा किया। अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. एसपी अग्रवाल ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक नियमित प्रक्रिया है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने में जीएनएम कर्मियों की भूमिका काफी अहम होती है। मरीजों की देखभाल से लेकर उपचार के दौरान चिकित्सकों की सहायता और अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारु रखने तक उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने स्थानांतरित सभी सात कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि वे अपने नए कार्यस्थल पर भी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। समारोह में मौजूद चिकित्सकों और कर्मचारियों ने भी उनके साथ काम करने के अनुभव साझा किए।

सहकर्मियों ने कहा कि कार्यस्थल बदलने से भले ही रोजाना का साथ छूट जाएगा, लेकिन आपसी सहयोग और साथ बिताई गई यादें हमेशा बनी रहेंगी। इस अवसर पर डॉ. तारीक नदीम, शशि शर्मा, रौशन कुमार, रमेश रंजन सिंह समेत अस्पताल के अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

वरीय शिक्षका ने की पदभार ग्रहण

सिकटा (संवाद सूत्र)। प्रखंड के गौचरी गांव स्थित +2 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका का पदभार वरीय शिक्षिका रिंकी कुमारी ने ग्रहण किया। निवर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी गुप्ता ने उन्हें पदभार सौंपा। रिंकी कुमारी बीपीएससी टीआर-1 के तहत अंग्रेजी विषय की शिक्षिका हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना अपनी प्राथमिकता बताया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीलाल प्रसाद यादव, शिक्षक प्रदीप कुमार राम, विकास कुमार, आकाश कुमार, वसंत कुमार, राहुल कुमार प्रसाद, नरेंद्र कुमार मीणा, धनंजय कुमार, नवाज शरीफ आलम।

जिला नियोजनालय के प्रांगण में जॉब कैम्प कल

बेतिया। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा दिनांक-07.11.2026 को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। इस दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.00 बजे अपराहून तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदनध्बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों का बिहार सरकार के पोर्टल (https://detjob.bihar.gov.in) पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 07 नवंबर को जिला नियोजनालय बेतिया के प्रांगण में आयोजित जॉब कैम्प में निजी नियोजक द्वारा विभिन्न पदों पर कार्य करने हेतु कुल 81 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को बेहतर मानदेय प्रदान जायेगी। कार्यक्षेत्र पश्चिम चम्पारण जिले में पीएमश्री स्कूल होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी इससे संबंधित विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय के नंबर 06254-295737 पर संपर्क कर सकते हैं।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना

अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–62 वर्ष 2026–27

निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्राकृति के कार्यो का पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता/अधिकृत एजेंसी/संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–07.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

क्र0म0सं0	कार्य का नाम
1.	SITC of UPS for Central Hall Extension Building, Bihar Vidhan Sabha & Bihar Vidhan Parishad at Vidhan Mandal Patna.

PR- 014810 (B C D) 2026-27

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

52 हाफिजों की हुई दस्तारबंदी, जलसा संपन्न

हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नौतन। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बन्हौरा में मंगलवार की देर रात एक दिवसीय जलसा दस्तारबंदी व हुफ्फाजे कराम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कारी मूसा साहब ने की। जलसे के दौरान 52 हाफिज-ए-कुरान की दस्तारबंदी कर उन्हें सम्मानित किया गया ।जलसे को संबोधित करते हुए बनारस से पहुंचे मौलाना अब्दुल गफ्फार सलाफी ने कहा कि मौजूदा दौर में लड़कियों की तालीम बेहद जरूरी है। उन्हें शिक्षा के साथ पर्दे की अहमियत भी समझानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम इंसानियत, आपसी मोहब्बत और सभी धर्मों के सम्मान का संदेश देता है। मजहबी किताबें नफरत नहीं, बल्कि इंसान से मोहब्बत और भाईचारे की सीख देती हैं। वहीं पटना से आए मौलाना साजिद हुसैन चतुर्वेदी ने कहा कि मुसलमानों को अल्लाह की रस्सी को मजबूती से थामे रखना चाहिए। दीन के रास्ते पर चलकर ही कामयाबी हासिल की जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित नमाज अदा करने, रोजा रखने और जकात देने की अपील की।

जलसे के दौरान आपसी सौहार्द और शांति की मिसाल भी देखने को मिली। इसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक साथ शिरकत की। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जगदीशपुर थानाध्यक्ष नितेश कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। मौके पर कारी खुर्शीद आलम, मौलाना अमीर, मौलाना मुफ्ती शाकिल साहब, कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमित गिरी, जिला पार्षद असद राजा, हाफिज साह मोहम्मद, शाहिद इकबाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

चाइनीज लाइट की चमक से रोशन होगी दीपावली

मझौलिया (संवाद सूत्र)। मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के पंचायत के अहवर कुड़ियां के मुखिया पति किशुन देव पडित के घर ।दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। घर-आंगन को रोशन करने के लिए लोग दीये और सजावटी सामान की खरीदारी में जुटने लगे हैं। वहीं, इस पर्व को लेकर मझौलिया प्रखंड के कुम्हार भी अपनी पुश्तैनी कला को संवारने में दिन-रात एक कर रहे हैं। मिट्टी को आकार देकर दीये और बर्तन तैयार करने वाले इन कारीगरों के लिए दीपावली केवल त्योहार नहीं, बल्कि साल भर की मेहनत को बाजार तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है ।अहवर कुड़िया पंचायत मुखिया पति किशुन देव पंडित इन दिनों दीपावली की तैयारियों में व्यस्त हैं। उनके घर पर मिट्टी के दीये और विभिन्न प्रकार के बर्तन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। किशुन देव बताते हैं कि मिट्टी के बर्तन और दीये बनाना उनके परिवार का पुश्तैनी पेशा है। कई पीढ़ियों से उनका परिवार इसी कला के सहारे आजीविका चलाता आ रहा है।

डीएम की अध्यक्षता में गन्ना पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा

बेतिया। गन्ना पेराई सत्र 2026-27 के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी चीनी मिलों के पेराई कार्य प्रारंभ होने से पूर्व की गई तैयारियों, संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से गन्ना खरीद में घटतौली, गन्ने की अवैध खरीद (पोचिंग), यातायात व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण, अवैध गुड़ क्रशरों के संचालन तथा गन्ना ढुलाई से संबंधित सड़कों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं चीनी मिल प्रबंधन को पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने गन्ना ढुलाई में लगे वाहनों द्वारा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने, ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित सभी गन्ना ढुलाई वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने गन्ना ढुलाई के लिए उपयोग में आने वाली सड़कों को मोटरेबल बनाने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गन्ना क्रय विभागीय दिशा-निर्देशों एवं चीनी मिल प्रबंधन द्वारा निर्गत चालान के अनुरूप ही किया जाए। गन्ना खरीद की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके अनुश्रवण एवं निरीक्षण की जिम्मेदारी सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं ईंख पदाधिकारियों को दी गई। साथ ही, बिना वैध लाइसेंस के किसी भी गुड़ क्रशर का संचालन नहीं होने देने तथा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं ईंख पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया।

यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि पेराई सत्र के दौरान चीनी मिलों के आसपास एवं गन्ना ढुलाई मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में चीनी मिल प्रबंधन प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग करें। पूर्व में अपनाई गई बेहतर व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी चीनी मिल प्रबंधनों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गन्ने की ढुलाई केवल नंबर प्लेट वाले वाहनों से ही कराई जाए। जिला पदाधिकारी ने चीनी की बिक्री निर्धारित एवं उचित दर पर सुनिश्चित करने तथा चीनी मिलों के माध्यम से संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों का समुचित संधारण करने का निर्देश दिया।

बिहार सरकार

समाहरणालय, बाँका
(जिला योजना कार्यालय)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0–10/2026–27

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री जयन्त राज, माननीय स0वि0स0 अमरपुर द्वारा 18वी विधान सभा अन्तर्गत अपने विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 के अनुमान्यता राशि के आलोक में बांका जिला के प्रखण्ड अमरपुर के कुल बारह(12) विद्यालयों में प्रति विद्यालय दस बुकशेल्फ (अलमारी) का क्रय व अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संबंधित विभाग द्वारा अनुसंशित कुल–12(बारह) विद्यालयों में से कुल 11(ग्यारह) विद्यालयों का सरकारी विद्यालय होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है। उक्त के आलोक में बुकशेल्फ(अलमारी) की क्रय एवं अधिशठापन हेतु अनुशंसा पत्र के साथ संलग्न सामग्रियों की सूची (विशिश्टियों के अनुरुप) के अनुसार निविदादाता/आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं/विक्रेताओं/फर्मो से द्वि–लिफाफा प्रणाली अन्तर्गत मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड एवं दुसरा लिफाफा वित्तीय बिड का होगा। लिफाफों पर तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड लिखना अनिवार्य होगा। दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखा जायेगा। सभी लिफाफों पर निविदादाताओं को अपने प्रतिष्ठान का नाम अंकित करना होगा। लिफाफा बिल्कुल सीलबन्द होना अनिवार्य है।

निविदा को **दिनांक– 19.11.2026 के 01 बजे अपर्राह्न** तक जिला योजना कार्यालय, बाँका में जमा किया जाना है। प्राप्त **निविदा को उक्त तिथि को 03:30 बजे अपर्राह्न** में उप विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष जिला क्रय समिति, बाँका के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्तें बाँका जिले के वेबसाईट https://banka.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना कार्यालय, बाँका से सम्पर्क किया जा सकता है।

➢ **माननीय स0वि0स0 से प्राप्त अनुशंसा के अनुरूप क्रय एवं अधिष्ठापन की जानेवाली बुकशेल्फ (अलमारी) की विस्तृत विवरणी संलग्न है।**

➢ **निविदादाता निविदा शर्तों के क्रमानुसार दस्तावेज संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।**

PR- 014780 (PLANNING) 2026-27

उप विकास आयुक्त,
बाँका।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।